भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2177
उत्तर देने की तारीख 02 अगस्त, 2021
सोमवार, 11 श्रावण,1943 (शक)

एनएसडीसी के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास

2177. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर: श्री संजय जाधव:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कौशल विकास निगम के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम तथा पहलों का ब्योरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यान्वयन का राज्य-वार ब्योरा क्या है तथा महाराष्ट्र के परभणी तथा उस्मानाबाद जिले में शुरू किए गए कार्यक्रमों की सूची क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा दिव्यांगजनों अथवा विशेष नि:शक्तताओं वाले व्यक्तियों के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किए जाने पर विचार किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में परभणी तथा उस्मानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का ब्योरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के केंद्रीय घटक को दिव्यांगजन (अशक्त व्यक्ति) सहित समाज के सभी वर्गों के लिए पूरे देश में लागू कर रहा हैजिसमें महाराष्ट्र के परभणी और उस्मानाबाद जिले शामिल हैं। पीएमकेवीवाई के तहतकौशल प्रशिक्षण में दिव्यांगजनों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं हैं, जैसे मासिक परिवहन सहायता; सहायक उपकरणोंऔर उपस्करों के लिए वित्तीय सहायता; और बोर्डिंग और लॉजिंग।

इसके अलावा, दिव्यांगजनों की कौशलीकरण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिएदिव्यांगजनों के लिए क्षेत्र कौशल परिषद (एससीपीडब्ल्यूडी) के रूप में ज्ञात एक विशेष क्षेत्र कौशल परिषद बनाई गई है। एससीपीडब्ल्यूडी ने दिव्यांगजनों के अनुकूल प्रशिक्षण केंद्रों को सूचीबद्ध किया, जो दृष्टिहीनों के लिए ब्रेल, कंप्यूटर स्क्रीन रीडर को कवर करने के लिए संरचनात्मक रूप से डिजाइन किए गए हैं; भाषण और श्रवण बाधित आदि के लिए सांकेतिक भाषा दुभाषिया आदि की व्यवस्था की गई है।

(ख) देश भर में पीएमकेवीवाई के केंद्रीय घटक के तहत 10.07.2021 तक 48,476 दिव्यांगजनों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है, जिनमें से 122 और 1 दिव्यांगजन क्रमशः महाराष्ट्र राज्य के परभणी और उस्मानाबाद जिले से हैं। दिनांक 10.07.2021 की स्थिति के अनुसार पीएमकेवीवाई के केंद्रीय घटक के तहत प्रशिक्षित/उन्मुख दिव्यांगजनों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) जी, हाँ। एनएसडीसी द्वारा दिव्यांगजनों सहित सभी व्यक्तियों के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

(घ) महाराष्ट्र राज्य में 64 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया और लगभग 20 हजार उम्मीदवारों का पंजीकरण किया गया। कुल 64 रोजगार मेलों में से 2 रोजगार मेले महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में आयोजित किए गए। हालांकि, महाराष्ट्र के परभणी जिले में कोई रोजगार मेला आयोजित नहीं किया गया था।

अनुबंध

10.07.2021 की स्थिति के अनुसार, पीएमकेवीवाई के केंद्रीय घटक के अंतर्गत प्रशिक्षित/उन्मुख दिव्यांग उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रशिक्षित/उन्मुख दिव्यांग उम्मीदवार
1.	आंध्र प्रदेश	983
2.	अरुणाचल प्रदेश	14
3.	असम	1,664
4.	बिहार	1,671
5.	चंडीगढ़	2
6.	छत्तीसगढ	419
7.	दिल्ली	1,611
8.	गोवा	1
9.	गुजरात	496
10.	हरियाणा	4,032
11.	हिमाचल प्रदेश	186
12.	जम्मू और कश्मीर	2,835
13.	झारखंड	1,224
14.	कर्नाटक	380
15.	केरल	331
16.	मध्य प्रदेश	3,096
17.	महाराष्ट्र	681
18.	मणिपुर	1
19.	मेघालय	13
20.	उड़ीसा	660
21.	पुदुचेरी	6
22.	पंजाब	2,826
23.	राजस्थान	8,780
24.	सिक्किम	66
25.	तमिलनाडु	1,459
26.	तेलंगाना	667
27.	त्रिपुरा	7
28.	उत्तर प्रदेश	13,643
29.	उत्तराखंड	282
30.	पश्चिम बंगाल	440
योग		**48,476**

****